Email ID- nssgdcbazpur@gmail.com
Website- www.gpgcbazpur.in

एक दिवसीय शिविर

दिनांक: 19 जनवरी 2026

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बाजपुर में राष्ट्रीय योजना (NSS) इकाई द्वारा दिनांक 19 जनवरी 2026 को एक दिवसीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, श्रमदान, पर्यावरण संरक्षण तथा राष्ट्रनिर्माण से जुड़े मूल्यों का विकास करना था। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का संचालन NSS के कार्यक्रम अधिकारियों डॉ. अनिल कुमार कुमार सैनी एवं डॉ. प्राची फर्त्याल के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर शिविर में NSS स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई।

शिविर के अंतर्गत सर्वप्रथम स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई। इसके पश्चात परिसर में स्थित बगीचे की निराई-गुड़ाई का कार्य किया गया, जिससे पर्यावरण संरक्षण एवं श्रम के महत्व का संदेश दिया गया। इसके साथ ही अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से स्वामी विवेकानंद जी के जीवन एवं विचारों विचारों से संबंधित पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों को स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों, राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास और सेवा भाव से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बी. के. सिंह ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने युवाओं से समाज के प्रति उत्तरदायित्व निभाने, स्वच्छता को अपनाने तथा स्वामी विवेकानंद जी के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर NSS कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्राची फर्त्याल द्वारा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जिनके

सहयोग से पोस्टर प्रदर्शनी एवं वैचारिक गतिविधियाँ सफलतापूर्वक संपन्न हो सकीं। इस एक दिवसीय शिविर में NSS स्वयंसेवक जसविंदर सिंह, खुशी, नीतू, आकाश, विशाल, राजू, शालिनी, बलविंदर सिंह आदि ने सक्रिय भूमिका भूमिका निभाई और सभी कार्यों को अनुशासन एवं उत्साह के साथ संपन्न किया। समग्र रूप से यह एक दिवसीय NSS शिविर अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा। कार्यक्रम अधिकारियों के कुशल निर्देशन एवं स्वयंसेवकों की सक्रिय सक्रिय भागीदारी से यह आयोजन अपने उद्देश्यों को पूर्ण करने में सफल रहा।

कार्यक्रम अधिकारी

डॉ. अनिल कुमार सैनी

डॉ. प्राची फर्त्याल